**Terms of Reference**

**Senior Consultant - Comprehensive Primary Healthcare and Technology, NHSRC**

National Health Systems Resource Centre (NHSRC) has been set up under the National Health Mission (NHM) as an autonomous registered society, to channelize technical assistance and capacity building support to the states for strengthening the public health system. The NHSRC is also mandated to contribute to health policy / programme design and evaluation.

Since its inception in 2006, NHSRC has been a repository of knowledge and a center of excellence for its agenda. This organization has professional linkages with a plethora of domestic and international bodies involved in the field of Public Health. There have been several personnel who have served with NHSRC and gained invaluable experience enabling them to graduate to next rung of professional ladder. Vast exposure to Ministry of Health and Family Welfare, and its processes is a unique feature of NHSRC.

If you have a commitment to health equity and excellence, here is a unique chance to work at a senior level with a team committed to shaping the public health landscape in India. The position offers you an opportunity to participate in the process of strengthening health systems, improving health service delivery and enabling positive health outcomes, through hands on implementation assistance at National, State and District levels. Working with a transdisciplinary team, you can discover, adapt, cocreate and disseminate solutions to multiple challenges related to service delivery systems, universal primary health care, human resources for health, community processes, health financing, quality of care, public health planning and health promotion. This is an opportunity to support health systems strengthening at scale, learn from district and sub district implementation, undertake knowledge translation, and enable realization of the vision of universal health coverage.

The Position reports to Advisor- Community Processes/ Comprehensive Primary Healthcare (CP/CPHC) and is on Contractual basis; to begin with, two years and extendable based on the Performance.

Roles & Responsibilities:

- Provide Policy and Programme support for Comprehensive Primary Health Care (CPHC)/digital technology in public health as required at National and State Levels
- Technical support to states for CPHC/ digital technology in public health like NCD, Shashakt, E- Sanjeevni, AAM portals, and related programme implementation.
- Ensure training and technical assistance to States in rolling out CPHC / digital technology in public health components
- Undertake periodic field visits to States and Districts to review programme implementation in the States, identify implementation challenges and support Districts/States in charting appropriate solutions including

enabling linkages with appropriate public health/ research/ academic/ technical/support institutions for technical support on CPHC/portals/digital technology related issues in CPHC at the State/District Level.

- Undertake analytical documentation of field review visits to inform required changes in program design, planning, implementation and policy modification as required.
- Develop research study / evaluation protocols, undertake and guide studies pertaining to baseline measurements, operational research and impact assessments for improving design of CP and CPHC interventions.
- Contribute to development of programme specific operational guidelines; undertake research to write technical and policy briefs, training material, reports, case studies, monitoring checklists/protocols etc.
- Identify best practices and innovations within States and Districts and support States to document and upload theirs on innovation portal for dissemination to other States/Districts
- Support and supervise systematic collection, documentation and presentation of information regarding CPHC and providing inputs to the decision makers.
- Support in identification and development of Innovation & Learning Centres or field demonstration sites for peer learning updation of operational guidelines and policies.
- Undertake and support interventions for assuring intersectoral coordination/convergence for addressing social and economic determinants of health resulting in better health outcomes
- Identify, undertake and support technological solutions for improvement in health care service delivery, performance monitoring, documentation and reporting • Undertake planning, implementation and performance monitoring of CPHC Division activities
- Mentor and monitor consultants in the team and provide support to NE-RRC
- Undertake such other assignments, which may be assigned by from time to time by the Advisor of the CP-CPHC Division

**Qualifications & Experience**:

*Only full-time regular bachelor's degrees (minimum 3 years) and full-time regular Postgraduate qualifications (minimum 2 years), wherever applicable, shall be considered. Diploma, certificate, Executive programmes, and qualifications obtained through distance, online, part-time, correspondence mode, etc shall not be considered. Only post-qualification experience shall be counted.*

i) Essential:

- Possess a medical graduation degree in MBBS/BDS/AYUSH
- MD/PhD/MPH/MBA (Health Management/ Health Administration)/ Post Graduate Diploma in Hospital and Health Management degree with over 5 years

of experience in Public Health/ Community Health and Health Systems, after post-graduation. Clinical experience is considered desirable but not essential.

- Experience in undertaking research (both Qualitative and Quantitative), capacity building, and working with health systems in the public health system. Grassroot experience is desirable.
- Computer skills: Proficiency in commonly used packages like MS Word, Excel, PowerPoint. Ability to use the internet for desk research, literature review and other relevant documents.
- Excellent data analytical skills, documentation, communication and presentation skills
- Good interpersonal skills and proven ability to lead teams
- Excellent oral and written communication skills in English and or Hindi.

ii) Desirable:

- Working knowledge of other major regional languages
- Demonstrated ability to lead multi-disciplinary teams
- Ability to carry out given task with minimal supervision

**Written Test Condition:** If the recruitment process includes a written test, a minimum qualifying mark will be 70%. However, if the number of qualifying candidates is high, a ratio of 1:5 will be adopted for 1 vacancy; the top 5 candidates will be considered. In case 2 or more candidates qualify with the same marks, all such candidates will be considered.

**Age Limit**: Up to 50 Years (as on the date of receiving the application)

**Work Location**: New Delhi; Opportunity to gain hands on experience of public health canvas of states and districts.

Travel to states and districts will be involved.

**Remuneration Range**: Between Rs. 90,000/- to Rs. 1,50,000/- (***Fee offered within the band will be commensurate with qualification and experience.)***

**Other Benefits**: In addition to the renumeration mentioned above, Consultants of NHSRC are entitled to Free Accidental insurance, Subsidized Medical insurance, Mobile bills reimbursement, Laptop reimbursement (As per NHSRC Policy), 30 days Consolidated leave, fully paid Maternity leave (For Female Consultants) as per Government of India policy, performance linked increments, TA/ DA and per diem for on-duty visits.

**Duration of Contract**: Contract till 31st March 2028 with further extensions of similar duration (subject to satisfactory performance)

Candidates selected in this interview could be considered for other vacant positions at NHSRC requiring similar skill sets and at appropriate level.

**How to apply**: Candidates are requested to fill the online application correctly which is available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. Last date for receiving applications is 28th July 2026.

**संदर्भ की शर्तें**

**वरिष्ठ सलाहकार – व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल एवं प्रौद्योगिकी, NHSRC**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC) की स्थापना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के अंतर्गत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसाइटी के रूप में की गई है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ करने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता निर्माण समर्थन प्रदान करना है। NHSRC को स्वास्थ्य नीति / कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने एवं उनके मूल्यांकन में योगदान देने का दायित्व भी सौंपा गया है।

वर्ष 2006 में स्थापना के बाद से ही NHSRC अपने कार्यक्षेत्र में ज्ञान के भंडार एवं उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित हुआ है। इस संस्था के सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ पेशेवर सहयोग संबंध स्थापित हैं। अनेक पेशेवरों ने NHSRC में कार्य करते हुए महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किया है, जिससे उन्हें अपने व्यावसायिक जीवन में उच्च स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर मिला है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय एवं उसकी कार्यप्रणाली के साथ व्यापक कार्यानुभव NHSRC की एक विशिष्ट विशेषता है।

यदि आप स्वास्थ्य समता एवं उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो यह भारत के सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य को सुदृढ़ बनाने के लिए कार्यरत एक समर्पित टीम के साथ वरिष्ठ स्तर पर कार्य करने का विशिष्ट अवसर है। यह पद आपको राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर पर प्रत्यक्ष क्रियान्वयन सहयोग के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदाय में सुधार लाने तथा सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित करने की प्रक्रिया में सहभागी बनने का अवसर प्रदान करता है। बहु-विषयक टीम के साथ कार्य करते हुए आप सेवा प्रदाय प्रणाली, व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाएँ, स्वास्थ्य वित्तपोषण, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ, सार्वजनिक स्वास्थ्य योजना एवं स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित विभिन्न चुनौतियों के समाधान विकसित करने, उन्हें अनुकूलित करने, सह-निर्मित करने एवं प्रसारित करने में योगदान दे सकते हैं। यह बड़े स्तर पर स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण में सहयोग करने, जिला एवं उप-जिला स्तर के क्रियान्वयन से सीखने, ज्ञान रूपांतरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने तथा सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लक्ष्य की प्राप्ति में योगदान देने का अवसर है।

यह पद परामर्शदाता (एडवाइजर) – सामुदायिक प्रक्रियाएँ / व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (CP/CPHC), राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC) को प्रतिवेदित करेगा

तथा संविदा के आधार पर होगा। प्रारम्भिक रूप से यह नियुक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए होगी, जिसे प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है।

**कर्तव्य एवं दायित्व** :

- राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर आवश्यकता के अनुसार व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (CPHC) एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य में डिजिटल प्रौद्योगिकी से संबंधित नीतिगत एवं कार्यक्रमगत सहयोग प्रदान करना।

- NCD, Shashakt, eSanjeevani, AAM पोर्टल तथा अन्य संबंधित कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन सहित व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य में डिजिटल प्रौद्योगिकी के संबंध में राज्यों को तकनीकी सहायता प्रदान करना।

- राज्यों में व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य में डिजिटल प्रौद्योगिकी से संबंधित घटकों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहायता सुनिश्चित करना।

- राज्यों एवं जिलों का समय-समय पर क्षेत्रीय भ्रमण कर कार्यक्रम के क्रियान्वयन की समीक्षा करना, क्रियान्वयन संबंधी चुनौतियों की पहचान करना तथा उनके समाधान हेतु राज्यों एवं जिलों को सहयोग प्रदान करना। साथ ही, राज्य एवं जिला स्तर पर व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल , पोर्टलों एवं डिजिटल प्रौद्योगिकी से संबंधित विषयों पर तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने के लिए उपयुक्त सार्वजनिक स्वास्थ्य, अनुसंधान, शैक्षणिक एवं तकनीकी संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित करना।

- क्षेत्रीय भ्रमणों के निष्कर्षों का विश्लेषणात्मक प्रलेखन करना, ताकि कार्यक्रम की रूपरेखा, योजना, क्रियान्वयन एवं नीतियों में आवश्यक संशोधन किए जा सकें।

- सामुदायिक प्रक्रियाओं एवं व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल संबंधी हस्तक्षेपों की रूपरेखा को सुदृढ़ करने हेतु अनुसंधान एवं मूल्यांकन प्रोटोकॉल विकसित करना तथा आधारभूत अध्ययन, परिचालन अनुसंधान एवं प्रभाव आकलन अध्ययनों का संचालन एवं मार्गदर्शन करना।

- कार्यक्रम-विशिष्ट परिचालन दिशा-निर्देशों के विकास में योगदान देना तथा तकनीकी एवं नीतिगत संक्षेप, प्रशिक्षण सामग्री, प्रतिवेदन, केस स्टडी, निगरानी चेकलिस्ट एवं प्रोटोकॉल आदि तैयार करने हेतु अनुसंधान करना।

- राज्यों एवं जिलों में अपनाई जा रही सर्वोत्तम प्रथाओं एवं नवाचारों की पहचान करना तथा राज्यों को उनके प्रलेखन एवं अन्य राज्यों/जिलों के साथ साझा करने हेतु नवाचार पोर्टल पर अपलोड करने में सहयोग प्रदान करना।

- व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित सूचनाओं के व्यवस्थित संग्रहण, प्रलेखन एवं प्रस्तुतीकरण में सहयोग एवं पर्यवेक्षण करना तथा निर्णय-निर्माताओं को आवश्यक तकनीकी सुझाव उपलब्ध कराना।

- नवाचार एवं अधिगम केंद्रों अथवा क्षेत्रीय प्रदर्शन स्थलों की पहचान एवं विकास में सहयोग देना, ताकि सहकर्मी अधिगम को बढ़ावा मिले तथा परिचालन दिशा-निर्देशों एवं नीतियों का समय-समय पर अद्यतन किया जा सके।

- स्वास्थ्य के सामाजिक एवं आर्थिक निर्धारकों के समाधान हेतु अंतर-क्षेत्रीय समन्वय एवं अभिसरण सुनिश्चित करने वाले हस्तक्षेपों का संचालन एवं सहयोग करना, जिससे बेहतर स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त किए जा सकें।

- स्वास्थ्य सेवा प्रदाय, प्रदर्शन निगरानी, प्रलेखन एवं प्रतिवेदन में सुधार हेतु उपयुक्त तकनीकी समाधानों की पहचान करना, उन्हें विकसित करना एवं उनके क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान करना। साथ ही, व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रभाग की गतिविधियों की योजना बनाना, उनका क्रियान्वयन करना तथा प्रदर्शन की निगरानी करना।

- टीम में कार्यरत सलाहकारों का मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण करना तथा NE-RRC को आवश्यक सहयोग प्रदान करना।

- सामुदायिक प्रक्रियाएँ एवं व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रभाग के परामर्शदाता (एडवाइजर) द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्यों का निर्वहन करना।

## योग्यताएँ एवं अनुभव :

केवल पूर्णकालिक नियमित स्नातक (न्यूनतम 3 वर्ष) एवं जहाँ लागू हो, पूर्णकालिक नियमित स्नातकोत्तर अर्हताएँ (न्यूनतम 2 वर्ष) ही मान्य होंगी। डिप्लोमा, प्रमाणपत्र, एक्जीक्यूटिव कार्यक्रम तथा दूरस्थ, ऑनलाइन, अंशकालिक, पत्राचार अथवा अन्य किसी माध्यम से प्राप्त अर्हताओं पर विचार नहीं किया जाएगा। केवल निर्धारित शैक्षणिक अर्हता प्राप्त करने के उपरांत अर्जित अनुभव (Post-Qualification Experience) को ही मान्य माना जाएगा।

**अनिवार्य :**

- एमबीबीएस / बीडीएस / आयुष (AYUSH) में स्नातक उपाधि के साथ एमडी / पीएचडी (PhD) / सार्वजनिक स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर उपाधि (MPH) / स्वास्थ्य प्रबंधन अथवा स्वास्थ्य प्रशासन में व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर उपाधि (MBA) / हॉस्पिटल एवं स्वास्थ्य प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य / सामुदायिक स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य प्रणालियों के क्षेत्र में स्नातकोत्तर उपाधि उपरांत न्यूनतम 05 वर्ष का कार्य अनुभव। चिकित्सकीय कार्यानुभव वांछनीय है, किन्तु अनिवार्य नहीं।
- सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में अनुसंधान (गुणात्मक एवं मात्रात्मक दोनों), क्षमता निर्माण तथा स्वास्थ्य प्रणालियों के साथ कार्य करने का अनुभव। जमीनी स्तर (Grassroot) पर कार्य करने का अनुभव वांछनीय होगा।
- **कंप्यूटर कौशल :** एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल एवं एमएस पावरपॉइंट जैसे सामान्यतः उपयोग किए जाने वाले अनुप्रयोगों का अच्छा ज्ञान।
- डेस्क अनुसंधान, साहित्य समीक्षा तथा अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों तक पहुँच के लिए इंटरनेट के प्रभावी उपयोग की क्षमता।
- उत्कृष्ट डेटा विश्लेषण, प्रलेखन, संप्रेषण एवं प्रस्तुतीकरण कौशल।
- उत्कृष्ट पारस्परिक कौशल तथा टीमों का नेतृत्व करने की सिद्ध क्षमता।
- अंग्रेज़ी एवं/अथवा हिंदी में उत्कृष्ट मौखिक एवं लिखित संप्रेषण कौशल।

**वांछनीय :**

- अन्य प्रमुख क्षेत्रीय भाषाओं का कार्यसाधक ज्ञान।
- बहु-विषयक टीमों का नेतृत्व करने की सिद्ध क्षमता।
- न्यूनतम पर्यवेक्षण में सौंपे गए कार्यों का प्रभावी ढंग से निष्पादन करने की क्षमता।

**लिखित परीक्षा संबंधी शर्त :**

यदि भर्ती प्रक्रिया में लिखित परीक्षा सम्मिलित है, तो न्यूनतम अर्हता अंक 70% होंगे। तथापि, यदि न्यूनतम अर्हता अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होती है, तो प्रत्येक 1 रिक्ति के लिए 1:5 के अनुपात में अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा, अर्थात् सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले शीर्ष 5 अभ्यर्थियों पर विचार किया जाएगा।
यदि दो या दो से अधिक अभ्यर्थी समान अंक प्राप्त करते हैं, तो ऐसे सभी अभ्यर्थियों पर विचार किया जाएगा।

**आयु-सीमा :**

आवेदन प्राप्ति की तिथि के अनुसार अधिकतम 50 वर्ष।

**कार्य-स्थल :**

नई दिल्ली; राज्यों एवं जिलों के सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य में प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने का अवसर।

राज्यों एवं जिलों की यात्रा अपेक्षित होगी।

**पारिश्रमिक सीमा :**

₹90,000/- से ₹1,50,000/- प्रति माह।

*पारिश्रमिक अभ्यर्थी की योग्यता एवं अनुभव के अनुरूप निर्धारित किया जाएगा।*

**अन्य लाभ :**

उपर्युक्त पारिश्रमिक के अतिरिक्त, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC) के सलाहकारों को निःशुल्क दुर्घटना बीमा, रियायती चिकित्सा बीमा,मोबाइल बिल प्रतिपूर्ति, लैपटॉप प्रतिपूर्ति *(NHSRC की नीति के अनुसार)*, 30 दिवस का समेकित अवकाश, भारत सरकार

की नीति के अनुसार महिला सलाहकारों हेतु पूर्ण वेतन सहित मातृत्व अवकाश, प्रदर्शन आधारित वार्षिक वेतन वृद्धि तथा आधिकारिक भ्रमण के दौरान यात्रा भत्ता (TA/DA) एवं प्रतिदिन भत्ता (Per Diem) प्रदान किया जाएगा।

**अनुबंध की अवधि :**

प्रारम्भिक अनुबंध 31 मार्च 2028 तक के लिए होगा, जिसे संतोषजनक प्रदर्शन की स्थिति में समान अवधि के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है।

चयनित अभ्यर्थियों को NHSRC में समान कौशल-समुच्चय एवं उपयुक्त स्तर के अन्य रिक्त पदों के लिए भी विचारार्थ लिया जा सकता है।

**आवेदन की प्रक्रिया :**

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे NHSRC की वेबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र को सावधानीपूर्वक भरें। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 28th July 2026 होगी।